उत्तर रेलवे

230–विद्युत लोको परिचालन / दिल्ली / तकनीकी–24 / 2025 मण्डल कार्यालय
दिनांक :– 17.01.2025 नई दिल्ली

## तकनीकी सर्कुलर–**DLI/RSO-01/2025**

विषयः थ्री फेस लोको में स्पीड से सम्बन्धित ट्रबल शूटिंग के विषय में रनिंग स्टाफ के लिये आवश्यक निर्देश :–

1. **फॉल्ट मैसेज "F0107P2 - DEMANDED SPEED CAN NOT BE ACHIEVED" का संदेश मिलने पर की जाने वाली कार्यवाही : -**

लोको की स्पीड 1 Kmph से अधिक नहीं बढ़ती -
Due to defective speed sensor of TM (isolate Speed Sensor)




(i) BPFA दबाकर फॉल्ट ACK करें।

(ii) थ्रोटल से ट्रैक्शन लेकर सभी एक्सल/व्हील के घूमने की जांच करें, यदि कोई एक्सल/व्हील न घूम रहा हो, तो टीएलसी से बात कर उचित कार्यवाही करें।

(iii)यदि एक्सल/व्हील सही प्रकार से घूम रहे हैं, तो DDS में बैकग्राउंड फॉल्ट की जांच करें।

(iv)यदि DDS में फॉल्ट मैसेज 0052, 0053, 0054 ASC1 Error Techo Generator हो:

(v) WAP7/WAG-9/WAG-9H लोको में SR1/SR2 के ऊपर यदि टॉगल स्विच लगे हैं, तो DDS में फॉल्ट मैसेज के अनुसार स्पीड सेंसर को आइसोलेट करें।

- 0052 के लिए ऊपर का (स्पीड सेंसर TM1 बाइपास)।
- 0053 के लिए बीच का (स्पीड सेंसर TM2 बाइपास)।
- 0054 के लिए नीचे का (स्पीड सेंसर TM3 बाइपास)।

(vi)टॉगल स्विच को ऑपरेट करके सेंसर बाइपास करें।

(vii) यदि DDS में फॉल्ट मैसेज 0052, 0053, 0054 ASC2 Error Techo Generator हो:

(viii) WAP7/WAG-9/WAG-9H लोको में SR1/SR2 के ऊपर यदि टॉगल स्विच लगे हैं, तो DDS में फॉल्ट मैसेज के अनुसार स्पीड सेंसर को आइसोलेट करें ।

- 0052 के लिए ऊपर का (स्पीड सेंसर TM4 बाइपास)।
- 0053 के लिए बीच का (स्पीड सेंसर TM5 बाइपास)।
- 0054 के लिए नीचे का (स्पीड सेंसर TM6 बाइपास)।

(ix)टॉगल स्विच ऑपरेट करके सेंसर बाइपास करें।

2. **यदि लोको की स्पीड 10 Kmph से अधिक नहीं बढ़ती (F1009P1):**

जब कभी लोको B/C में 0.6 kg/cm² से अधिक प्रेशर चला जाए और थ्रॉटल 0 पर न हो तथा गति 10 Kmph से अधिक हो, तो यह मैसेज आता है। (ACP के समय चलती गाड़ी में भी यह मैसेज आ सकता है।)

(i) लोको B/C प्रेशर की जांच करें। यदि लोको B/C में प्रेशर है तो रिलीज करें।

(ii) थ्रॉटल 0 करके BPFA दबाकर फॉल्ट एनालाइज करें।

(iii) SA-9 से लोको ब्रेक रिलीज होना देखें।

(iv) लोको ब्रेक रिलीज न हो तो प्रेशर स्विच-269.6/1 तथा 269.6/2 (AR-PP के मध्य) को टैप करें।

(v) CCB-2 लोको में प्रेशर स्विच 20CP व 16CP के टेस्ट निप्पल 20 TP & 16 TP को दबाएं।

(vi) डाप्लर रडार MCB (SB 1 में) ट्रिप करके देखें।

(vii) यदि अब भी सफलता न मिले, तो एक बार CE off/on करके कोशिश करें ।




3. **यदि लोको की स्पीड 15 Kmph से अधिक नहीं बढ़ती (F1106P2 "Loco in Shunting Mode speed can not be more than 15 kmph"):**

DDU स्क्रीन पर उपरोक्त मेसेज आने का अर्थ है कि लोको shunting मोड में है जिसके कारण लोको की गति को 15 kmph से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता :

- शंटिंग मोड ( अधिकतम गति 15 **kmph** ) में करने के लिए शर्तें :–
  i. BL Key ड्राइविंग मोड में होना चाहिए।
  ii. थ्रोटल 0, स्पीड 0 एवं रिर्वसर 0 पर होना चाहिए।
  iii. स्विच 160 को पोजीशन 1 से 0 पर करें एवं DDU (screen) पर मैसेज "Loco in Shunting Mode - speed can not be more than 15 kmph" का आना देखें।

- सामान्य मोड ( नार्मल गति ) में करने के लिए शर्ते :
  i. BL Key ड्राइविंग मोड में होना चाहिए।
  ii. थ्रोटल 0, स्पीड 0 एवं रिर्वसर 0 पर होना चाहिए।
  iii. स्विच 160 को पोजीशन 0 से 1 पर करें एवं ट्रैक्शन लेकर देखें DDU (screen) पर कोई मैसेज नहीं आएगा।

- स्विच 160 की पोजीशन 0 पर करने के बाद थोड़ा सा ट्रैक्शन देने पर स्क्रीन पर मैसेज F1106P2 "Loco In Shunting Mode" लिखा आता है। अतः पोजीशन 1 पर करने के बाद खड़े लोको में थोड़ा सा ट्रैक्शन देकर उपरोक्त मैसेज का न आना सुनिश्चित करें।
- लोको चेंजिंग प्वाइंट पर LPS के द्वारा स्विच 160 को 1 पर करने के बाद चार्ज लेने वाले चालक को यह स्विच पोजीशन 1 पर मिलता है परंतु फिर भी चालक थोड़ा सा ट्रैक्शन देकर इसका पोजीशन 1 पर होना सुनिश्चित करें।

- स्विच के पोजीशन 1 पर रहने पर भी मैसज F1106P2 "Loco in Shunting Mode" आता है तो इसका मतलब स्विच पोजीशन 1 पर सही सैट नहीं हुआ है अतः पुनः पोजीशन बदलने के तरीका का पालन करके स्विच को एक दो बार चलाकर पुनः पोजीशन 1 पर करें।

अतः सभी मुख्य लोको निरीक्षको को यह निर्देश दिए जाते है कि अपने मनोनीत/गैर-मनोनीत रनिंग स्टाफ को उक्त विषय पर काउन्सिल करें व अपनी रिपोर्ट को मंडल कार्यालय में दिनांक 15.02.25 को प्रस्तुत करें ।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

प्रतिलिपि :–

1. मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे–सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली – सूचनार्थ।
3. मुख्य विद्युत अभियंता/परि ./उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली – सूचनार्थ।
4. अपर मण्डल रेल प्रबंधक/परिचालन/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे–सूचनार्थ।
5. मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली – सूचनार्थ।
6. सहायक मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली – सूचनार्थ।
7. मुख्य कर्षण लोको नियंत्रक/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे– सूचनार्थ।
8. समस्त मुख्य लोको निरीक्षक–गाजियाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, पानीपत, जींद, जाखल, रोहतक, निजामुद्दीन, पलवल, मेरठ, शकूरबस्ती एवं तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतू।
9. समस्त लोको लॉबी नोटिस बोर्ड– सूचनार्थ।
10. बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र/तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतू।
11. विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र/चिपियाना/गाजियाबाद/उत्तर रेलवे–आवश्यक कार्यवाही हेतू।